सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री छाज्या पुत्र किशन्या निवासी गांव भालपुर तहसील सिकराय जिला दौसा –303509

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय जिला दौसा

अपील संख्या 26/2025

निर्णय

दिनांक 02.05.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रश्नात्मक है जो लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी सिकराय को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/882 दिनांक 03.04.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी सिकराय द्वारा से कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। अपील मीमो के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रश्नात्मक होने से सूचना का अधिकार अधिनियम में देय नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर दौसा

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:33:56 IST
Reason: SelfAttested